यूथ इण्डिया

रविवार ● शुक्रवार ● 15 अगस्त, 2025

# ब्लॉक के पास फुटपाथ पर कब्जा, प्रशासन बना मूकदर्शक

## वर्षों से पान पुड़िया की दुकान लगा रहे बुजुर्ग को जबरदस्ती हटाने का प्रयास कर रहा आबिद

**जलालाबाद शाहजहांपुर।** बारह पत्थर चौराहे के पास बिजली विभाग द्वारा कराई गई रोड साइड बाउंड्री के बाद अब फुटपाथ सब्जी और किराने की दुकानों से पटा पड़ा है। यहाँ वर्षों से पान-पूड़िया का खोखा चलाने वाले बुजुर्ग पं. सत्यदेव की जगह पर, कबाड़ और सब्जी का धंधा करने वाले आबिद ने बांस-बल्ली गाड़कर कब्जा कर लिया। सत्यदेव के विरोध करने पर आबिद और उसके लोग उन्हें लगातार धमकाते हैं। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही अवैध कब्जेदार हैं, लेकिन आबिद खुलेआम सत्यदेव को हटाकर अपनी मनमानी करने पर आमादा है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, कई दिनों से दुकान लगाने को लेकर दोनों के बीच बहसबाजी जारी है। सवाल यह है कि जब नगर पालिका पूरे शहर से रोड पटरी और नाले पर बनी दुकानों को हटवा रही है, तो यहाँ पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? यहाँ से रोज अधिकारी-कर्मचारी गुजरते हैं, लेकिन फुटपाथ माफिया को छूने की हिम्मत किसी में नहीं।

लोगों का आरोप है कि इस इलाके में कई फुटपाथ कब्जेदार अपनी जगह दूसरों को किराए पर देते हैं, और फिर वर्षों से दुकान चला रहे लोगों को विवाद में उलझाकर जगह खाली कराने की साजिश रचते हैं। प्रशासन और नगर पालिका की इस अनदेखी से जनता में गहरा रोष है।

## खुदागंज में रामलीला पर विवाद, कमेटी अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा पत्र

**खुदागंज (शाहजहांपुर)।** नगर में होने वाले ऐतिहासिक रामलीला मेले को लेकर इस बार विवाद खड़ा हो गया है। आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा उसी नाम से दूसरी रामलीला कमेटी गठित कर कार्यक्रम कराने की कोशिश की जा रही है, जिससे नगरवासियों में भ्रम और रोष फैल गया है। अध्यक्ष ने पत्र में बताया कि पिछले कई दशकों से आदर्श रामलीला कमेटी ही नगर में पारंपरिक रामलीला मेले का आयोजन करती आ रही है। लेकिन इस बार समान नाम से दूसरी कमेटी बनाने की बात कही जा रही है, जो नियम विरुद्ध है। उन्होंने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## हिन्दू देवी देवताओं पर टिप्पणी में एएमयू प्रोफेसर की अग्रिम जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अलीगढ़ मुस्लिम विवि से सम्बद्ध डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जवाहर नेहरू मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जितेंद्र कुमार के खिलाफ 2022 में सिविल लाइन थाने में हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## एडीएम ने गंगा की बाढ़ से घिरे आजाद नगर के 115 बाढ़पीड़ितों के आंसू पूछते हुए वितरित करवाई राहत सामग्री

**यूथ इण्डिया**
**मिजार्पुर (शाहजहांपुर)** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार और एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने गंगा की बाढ़ से प्रभावित ग्राम आजाद नगर के 15 बाढ़पीड़ितों को ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी,प्रधान फारूक अली,समाजसेवी रिजवान अहमद,दिलीप गुप्ता के हाथों राशन सामग्री की किट वितरण कर बाढ़पीड़ितों की मदद का शुभारंभ किया। लेखपाल योगेश कुमार ने बताया कि एक सौ राहत सामग्री की किट लेकर वे भी मोटर वोट से आजाद नगर पहुंच रहे हैं। इस तरह बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के मजरा आजाद नगर के 115 बाढ़पीड़ितों को सरकारी




मदद मिल गई है। राजस्व निरीक्षक अनुराग शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को एडीएम (एफ आर) अरविंद कुमार ने एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी के साथ जलमग्न जलालाबाद - ढाईघाट, शमशाबाद स्टेट हाइवे को अपने वाहन से पार करते हुए अति संवेदनशील बन चुकी डिप पर पहुंचकर आजाद नगर के 15 बाढ़पीड़ितों को बुलाकर सरकारी राहत सामग्री वितरित कर राहत वितरण का शुभारंभ किया।

राजस्व निरीक्षक रामकुमार श्रीवास्तव,उमेश कटियार और लेखपाल योगेश कुमार व हिमांशु रंजन को बाढ़ चौकी ढाई गांव से 100 राहत सामग्री किट लाकर आजाद नगर के बाशिंदों को गांव में जाकर वितरण करने के लिए कहा।

राजस्वकर्मियों ने ग्राम प्रधान फारूक अली और समाजसेवी रिजवान अहमद की मदद से इस्लाम नगर में शरण लिए आजाद नगर के एक सौ बाढ़पीड़ितों को सरकारी राहत सामग्री की किट वितरण की। हालांकि ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के ही करीब एक दर्जन मजरों और ग्राम पंचायत भरतपुर,गुटेटी उत्तर के सैकड़ों बाढ़पीड़ितों को सरकारी राहत मिलने की आस लगी हुई है।


## अभिषेक सिंह की पहल पर बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा सहारा



**यूथ इण्डिया**
**जलालाबाद (शाहजहांपुर)।** जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह ठिंगरी ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी जलालाबाद प्रभात राय से मुलाकात कर अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामों में राहत कार्य की मांग की। उन्होंने बाढ़ग्रस्त गांवों में निशुल्क दवा वितरण कैंप लगाने और ग्राम रयपुरा कसारी में भोजन की व्यवस्था शुरू कराने का अनुरोध किया।

अभिषेक सिंह के पत्र पर उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शुक्रवार से ही दोनों व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू कर दी जाएंगी। जलालाबाद विधानसभा में उभरते हुए मजबूत नेता के रूप में पहचान बना चुके अभिषेक सिंह लगातार जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहते हैं, जिससे क्षेत्र की जनता में उनके प्रति खास विश्वास और लगाव है।

## मानवाधिकार आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज




**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैर कानूनी तरीके से मकान के ध्वस्तीकरण पर मानवाधिकार आयोग द्वारा दिए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट आदेश कर चुका है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने प्रदेश सरकार की याचिका पर दिया। महराजगंज के पत्रकार मनोज टिबड़ेवाल आकाश के दो मंजिला पैतृक मकान व दुकानों को जिला प्रशासन ने 13 सितम्बर 2019 को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया था। इसकी शिकायत पीड़ित ने राष्ट्रीय मानव आयोग से की थी। आयोग की टीम ने नवम्बर 2019 में जांच की थी। जांच में अफसरों को दोषी पाया गया। इसके बाद राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एचएल दत्तू ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि पीड़ित को पांच लाख रुपये का दंडात्मक मुआवजा दें।

जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग तथा पुलिस विभाग के सभी दोषी अधिकारियों के विरुद्ध मुख्य सचिव कठोरतम विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई करें, जिन्होंने शिकायतकर्ता के मकान को गिराया है। पीड़ित पत्रकार की एफआईआर दर्ज करें तथा इसकी विवेचना सीबीसीआईडी से कराएं। आयोग के आदेश को राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। जिसे सुनवाई के बाद कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# पूर्व बसपा विधायक की जमानत मंजूर

▶▶ यह भी आरोप है कि धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और लोक सेवाओं पर आपराधिक बल का प्रयोग कर धन अर्जित किए हैं।

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर मामले में पूर्व बसपा विधायक शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी सशर्त मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है। मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस थाने में शाहनवाज राणा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत



मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि वह एक गैंग चलाते हैं और उसके लीडर हैं। अपने गैंग के सदस्यों के साथ संगठित होकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए जनता में भय व आतंक उत्पन्न करते हैं। यह भी आरोप है कि धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और लोक सेवाओं पर आपराधिक बल का प्रयोग कर धन अर्जित किए हैं। इस मामले में चित्रकूट जेल में बंद हैं। गैंगस्टर मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट मुजफ्फरनगर ने जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इस आदेश को उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत अर्जी दाखिल की थी।

# डीएम-एसपी के नेतृत्व में शहर में निकली तिरंगा यात्रा

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जालौन देशभक्ति के रंग में रंगा

**यूथ इण्डिया**
**उरई/जालौन।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद जालौन देशभक्ति के रंग में सराबोर हो उठा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर में राष्ट्रीय एकता और गर्व का संदेश फैलाया। यात्रा की शुरूआत पुलिस लाइन से हुई, जहां सुबह से ही प्रशिक्षु आरक्षी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक तिरंगा हाथों में लिए एकत्र हुए थे। यात्रा पुलिस लाइन से जिला परिषद, अम्बेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए टाउन हॉल मैदान पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान ह्वभारत माता की जयह्व, ह्ववंदे मातरम्ह्व और ह्वजय हिन्दह्व जैसे गगनभेदी नारे लगातार गूंजते रहे। पुलिस के प्रशिक्षु आरक्षियों के कदम से कदम मिलाते हुए शहरवासियों का जोश देखते ही बनता था। रंग-बिरंगे बैनर, तिरंगे झंडों की कतारें और राष्ट्रभक्ति के गीतों से सजा यह कारवां पूरे नगर को स्वतंत्रता दिवस के उल्लास में डुबो रहा था। जिलाधिकारी एवं पुलिस



अधीक्षक ने टाउन हॉल मैदान पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि



स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों को श्रद्धांजलि और देश के प्रति हमारी निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए सदैव तत्पर रहें तथा इस अमूल्य आजादी की रक्षा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानें।

## खेलों के माध्यम से युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा – उत्तर प्रदेश सरकार की पहल से युवक एवं महिला मंगल दल वितरित की खेल किट

**उरई/जालौन।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद जालौन के तत्वावधान में आज विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल किट वितरित की गई। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत गांव-गांव में खेलों को बढ़ावा देकर युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को गति दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तथा जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने संयुक्त रूप से खेल किट वितरित कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित




करने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों में अधिक से अधिक भाग लेकर जिले का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेल और युवा सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दे रही है। इस प्रकार की पहल से ग्राम स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर और संसाधन मिलते हैं। उन्होंने सभी युवक एवं महिला मंगल दलों को निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, युवा कल्याण अधिकारी प्रा0वि0द0 राजीव कुमार उपाध्याय आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व बसपा विधायक और उसके पुत्र को हत्या के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 9 अगस्त को हुई थी युवक की पीट पीट कर हत्या- दो पूर्व विधायकों सहित आधा दर्जन के विरुद्ध दर्ज हुआ था मुकदमा

**यूथ इण्डिया**
**कोंच/जालौन।** बिगत दिनों पीट पीट कर की गई अधेड़ की हत्या में पुलिस ने नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है गिरफ्तार आरोपियों में पूर्व बसपा विधायक एवं उनका पुत्र है आरोपियों से पुलिस ने मृतक की बाइक एवं घटना में प्रयुक्त कार मृतक के कपड़े बरामद किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विजय पांडे ने पुलिस और एसओजी एवं सर्विलांस के साथ मिलकर विगत दिनों ग्राम घमुरी निवासी जितेंद्र की हत्या के मामले में पूर्व बसपा विधायक अजय सिंह उर्फ पंकज पुत्र रामप्रसाद अहिरवार एवं अमन उर्फ मिक्की पुत्र अजय सिंह को पंचानन चौराहे से निकले जालौन रोड से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों से घटना में



प्रयुक्त एक कार यूपी 92 एच 6352 के साथ ही मृतक की बाइक एवं कपड़े बरामद किए है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बतलाया कि मृतक जितेंद्र पूर्व विधायक रामप्रसाद के ग्राम घमुरी स्थित विद्या देवी उच्चतर बालिका विद्यालय में देखरेख करता था ब उसकी चाभी भी उसके पास रहती थी मृतक द्वारा विद्यालय की हर छोटी छोटी बात को रामप्रसाद को बतलाता था जिससे घर में विवाद बनने लगा था अमन उर्फ मिक्की ने ही एक अन्य आरोपी अमित के फोन से जितेंद्र को फोन कर घर बुलाया और उसके बाद उसे पंचानन चौराहे स्थित अपने बंद पड़े पेट्रोल पंप पर ले गए जहां साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की बेसुध होने पर उसे सीएचसी छोड़कर भाग गए थे अपर पुलिस अधीक्षक ने बतलाया कि जल्द ही शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## हाईवे पर बस और बोलेरो की टक्कर

**उरई।** उरई-जालौन स्टेट हाइवे पर गुरुवार की शाम को बोलेरो और बस की टक्कर में एक बच्चे की मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं।

बता दें कि घटना शाम 6 बजे के करीब कुकरगांव और बोहदपुरा के पास हुई। उरई के शांतिनगर निवासी राजेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ ग्राम रूरा मल्लू से लौट रहे थे। राजेंद्र की पत्नी सविता सिंह (49), पुत्र अभय प्रताप सिंह (10), संगीता (45), अलका (46) और उर्वशी (13) भी बोलेरो में सवार थे। राजेंद्र ने डीजल भरवाने के लिए गाड़ी पंप की तरफ मोड़ी। इसी दौरान उरई से जालौन जा रही बस ने बोलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर में बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने 10 वर्षीय अभय प्रताप को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

## गंगा और रामगंगा की बाढ़ से जलमग्न गांवों के बाशिंदों की जिंदगी थमी, खाने पीने की तबाही

### जलमग्न गांवों के स्कूल बंद,बिजली सप्लाई ठप,आवागमन के लिए मिली सरकारी नावें भी क्षतिग्रस्त

**यूथ इण्डिया**
**मिजार्पुर (शाहजहांपुर)** कलान तहसील के मिर्जापुर क्षेत्र में गंगा और रामगंगा की बाढ़ का कहर जारी है। गंगा के खादर में बसे दो दर्जन से अधिक जलमग्न गांवों में पक्के मकानों वाले बाढ़पीड़ितों ने छतों पर डेरा डाल लिया है। कई कच्चे मकानों और झोपड़ी वाले बाढ़पीड़ितों ने रिश्तेदारियों और ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं।

बाढ़ग्रस्त गांवों के बाशिंदों की जिंदगी मानों थम सी गई है। वासा भोजन और हैंडपंप से निकलने वाले बाढ़ के पानी के सेवन से मौसमी बीमारियों के साथ ही वायरल ज्वर ने भी पांव पसार दिए हैं। हालांकि एडीएम एफआईआर अरविंद कुमार ने इस्लाम नगर में बनाए गए शेल्टर होम में बुधवार को चिकित्सा कैंप भी लगवा दिया। किंतु बाढ़ ग्रस्त गांवों की सड़कें जलमग्न होने तथा आवागमन के साधन नाव सीमित होने के कारण बाढ़ग्रस्त गांवों के रोगी चिकित्सा कैंप में नहीं पहुंच पा



रहे हैं। वहीं बाढ़ सुरक्षा साधनों की कमी के चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम बाढ़ से जलमग्न गांवों में जाने को तैयार नहीं है।

बाढ़पीड़ितों का कहना है कि बाढ़ से जलमग्न गांवों की बिजली कई दिन पहले ही काट दी गई थी। रोशनी के लिए मिट्टी का तेल तो वर्षों पूर्व ही मिलना बंद हो गया था। जिससे भादों की काली अंधेरी रात में रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं होने से उन्हें सांप - बिच्छुओं के भय में पूरी पूरी रात जागकर काटनी पड़ रही है। बाढ़ग्रस्त गांवों के बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई है।

बाढ़पीड़ित गांवों के बाशिंदों से मिली जानकारी के अनुसार बाढ़ के कारण क्षेत्र के सभी स्कूल जलमग्न हो जाने के कारण बंद हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह चौपट हो गई है। गंगा और रामगंगा की बाढ़ से जलमग्न प्राथमिक स्कूल पंखिया नगला,कटैला नगला,पैलानी उत्तर प्रथम,पैलानी उत्तर द्वितीय,कंपोजिट स्कूल अभिचारपुरपुर,भरतपुर,प्राथमिक स्कूल धीयरपुरा,गुटेटी उत्तर,दरियागंज,बलदेवपुर, बख्तावरगंज,कंपोजिट स्कूल रामदयाल नगला,प्राथमिक स्कूल बीघापुर,अतरी निजामपुर व नवादा में बाढ़ का पानी भर जाने से स्कूल बंद हो गए हैं। बाढ़पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन की नजर में गंगा की बाढ़ से कुछेक गांव ही प्रभावित हैं। जहां राहत सामग्री भी वितरित करवाई जा रही है और चिकित्सा शिविर भी लगवाए जा रहे हैं।

जबकि गंगा की बाढ़ से ही कलान तहसील क्षेत्र के ग्राम भरतपुर, पैलानी, कटैला नगला, लोहार नगला बटन नगला,मोती नगला, निविया नगला, एत्मादपुर, बलदेवपुर, अंटा गुटेटी उत्तर, पकड़िया नगला, धीयरपुरा, बाखतावर गंज, मोहकमपुर,महोलिया,ढाई आदि दर्जनों गांव पूरी तरह जलमग्न होने और बाढ़ से चौतरफा घिरे हुए हैं। मोटरबोट की सुविधा भी इन गांवों को नहीं मिल पा रही है। इन गांवों को प्रशासन ने जो नाव दी हैं,वे भी टूटी फूटी हैं। इस प्रशासनिक उपेक्षा से बाढ़पीड़ितों में भारी रोष व्याप्त है।